दिन– रविवार दिनांक– 16 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा– तीनों नए अपराध कानून व्यापक विचार–विमर्श के बाद बनाए गये हैं और उन्हें एक जुलाई से लागू किया जाएगा।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा– बेगूसराय में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाएगी और निफ्ट का सेंटर बनाया जाएगा।

03. पटना जिले के बाढ़ में गंगा नदी में नौका दुर्घटना में चार लोग लापता। तेरह सुरक्षित निकले। भोजपुर में गंगा घाट पर डूबने से चार बच्चों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने मॉनसून के आगमन में पांच से छह दिन की देरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया। लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं।

———————————————————————

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए अपराधिक कानून लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए बनाये गये हैं। श्री मेघवाल कोलकाता में आपराधिक न्यायिक प्रणाली प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ शीर्षक से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की स्थिति और समय के अनुसार कानूनों में बदलाव की आवश्यकता होती है। श्री मेघवाल ने कहा कि देश के कई वर्गों की ओर से, ब्रिटिश काल के इन कानूनों में बदलाव की मांग की जा रही थी।

———बाईट———

इंडियन पीनल कोड और क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन एवीडेंस एक्ट यह तीनों चेंजेज हो रहे हैं। पूरा कंसल्टेशन प्रोसेस को लेकर के लॉ कमीशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट्स को ध्यान मे रखते हुए और पूरे कंसल्टेशन प्रोसेस के साथ इनको चेंजेज किए हैं। ये एक जुलाई से लागू होंगे। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम इसके लिए बीपीएनआरडी यह भी ट्रेनिंग दे रही है।

केन्द्रीय मंत्री ने इन आरोपों को खारिज किया कि केंद्र सरकार ने बिना किसी से परामर्श किए जल्दबाजी में ये तीन नए आपराधिक कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और इससे जुड़े सभी लोगों से सलाह ली गई थी।

———————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में उद्योग की संभावनओं का पता लगाने के लिए आज जिले के बियाडा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इसे लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री सिंह ने कहा कि बेगूसराय को टेक्सटाइल के क्षेत्र में बड़ा केन्द्र बनाने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बेगूसराय में सौ एकड़ क्षेत्र में वस्त्र उत्पादन और व्यापार को लेकर टेक्सटाइल हब बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में टेक्सटाइल के साथ—साथ हैंडीक्रॉफ्ट और रेशम उत्पादन की भी संभावनाएं हैं। केन्द्रीय मंत्री ने एक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की भी बात कही।

———बाईट———

उन्होंने कहा कि इसके अलावा बेहतरीन डिजाइन और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए निफ्ट के प्रशिक्षण केन्द्र की भी स्थापना की जाएगी।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उनतीस जून से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए आज एक उच्च स्तरीय बैठक की गयी। बैठक में यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ ही उनकों दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गयी। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय समेत सेना और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के बाद मन की बात का यह पहला एपिसोड होगा। श्रोता टोल फ्री नम्बर **एक आठ शून्य शून्य—एक एक—सात आठ शून्य शून्य** के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या **माइ जीओवी ओपन फोरम** के माध्यम से भी अपने विचार ऑनलाइन साझा कर सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

———————————————————————————

गंगा दशहरा का त्योहार आज पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न गंगा घाटों पर पवित्र स्नान के बाद दान–पुण्य किया। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि पटना, बेगूसराय के सिमरिया धाम, बक्सर, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया के विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को ही पृथ्वी पर गंगा का अवतरण हुआ था।

———————————————————————————

पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत उमानाथ गंगा घाट के निकट एक नाव के पलट जाने से नाव पर सवार चार लोग लापता बताए जा रहे हैं। हादसे के समय नाव पर सत्रह लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार ये सभी गंगा दशहरा के अवसर पर स्नान के लिए नाव पर सवार होकर नदी के दूसरे छोर पर जा रहे थे। स्थानीय लोगों और नाविकों की मदद से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के शिवपुर गंगा घाट पर आज स्नान के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सभी गंगा दशहरा का स्नान करने के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड – सीबीआईसी ने देश में बढ़ती वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाओं से निपटने के लिए मल्टी–मॉडल जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत आम जनता को समाचार पत्रों, मोबाइल संदेशों, ईमेल और सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से वित्तीय धोखाधड़ी के जाल से बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भाग में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। इससे जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पटना, जहानाबाद,

नालंदा, गया, शेखपुरा, जमुई, सारण और नवादा के कुछ स्थानों पर आज भी लू की स्थिति बनी रही। बक्सर आज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अरवल, रोहतास, भोजपुर और शेखपुरा में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने के कारण भीषण लू की स्थिति दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने कहा कि राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है।

———————————————————————

कैमूर जिले में भीषण लू की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक की पहचान रोहतास जिले के आदिलापुर के रहने वाले प्रमोद तिवारी के रूप में हुई है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के पहुंचने में पांच से छह दिन देरी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पहले सत्रह और अठारह जून तक मॉनसून के पहुंचने का पूर्वानुमान व्यक्त किया था। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि बीस जून तक मॉनसून उत्तर–पूर्वी भाग के पूर्णियां या किशनगंज के रास्ते प्रदेश में प्रवेश करेगा और धीरे–धीरे पूरे राज्य में मॉनसूनी वर्षा की परिस्थितियां बनेगी।

———बाईट———

इधर, राज्य के पूर्वी भागों में कई स्थानों पर मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। अररिया और आस–पास के क्षेत्रों में आज तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। मॉनसून पूर्व बारिश पूर्णियां, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी और कटिहार जिले में भी कई स्थानों पर आज और कल होने की संभावना है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इक्कीस जून को होने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले आज सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया है। श्री मोदी ने लोगों से योग के लाभों के लिए योगाभ्यास करने का आग्रह किया। वीडियो में स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में पादहस्त आसन के बारे में जानकारी दी गई है।

———————————————————————

प्रदेश भाजपा की ओर से इक्कीस जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रत्येक मंडल में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

———————————————————————

राज्यापल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज पटना के रविन्द्र भवन में मिलेट महोत्सव की शुरूआत की। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन मोटे अनाज को बढ़ावा देने और इसके प्रचार–प्रसार के लिए किया जा रहा है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि मोटे अनाज को इसके गुणों के कारण श्रीअन्न का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए बेहतर होने के साथ–साथ किसानों के लिए काफी लाभदायक है।

———बाईट———

श्री आर्लेकर ने कहा कि श्रीअन्न के उत्पादन को लेकर बिहार में व्यापक संभावनाएं हैं। समारोह को कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

मिलेट मैन के नाम से मशहूर डॉ. खादर वली ने कहा है कि बिहार में ज्वार, बाजरा और मोटे अनाजों के उत्पादन की बड़ी संभावनाएं हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हागी।

———बाईट———

पटना में चल रहे तीन दिवसीय मिलेट महोत्सव में भाग लेने आए डॉक्अर वली ने कहा कि मोटे अनाज को जीवन शैली का हिस्सा बनाकर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और जीवन शैली को सुलभ बनाने में मदद मिलती है।

———बाईट———

———————————————————————

राजभवन में चल रहे दो दिवसीय आम महोत्सव का आज समापन हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि आम महोत्सव दो हजार चौबीस में राज्य ने आम के उत्पादन, व्यापार, निर्यात और प्रसंस्करण को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन से आगे चलकर आम उत्पादकों को काफी लाभ मिलने की संभावना है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के बासुदेवपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर में बीती रात दो पक्षो में हुई हिंसक झड़प की घटना में एक महिला कि मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार, नशीला पदार्थ और नकद के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. केन्द्र सरकार ने कहा– तीनों नए अपराध कानून व्यापक विचार–विमर्श के बाद बनाए गये हैं और उन्हें एक जुलाई से लागू किया जाएगा।
02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा– बेगूसराय में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाएगी और निफ्ट का सेंटर बनाया जाएगा।
03. पटना जिले के बाढ़ में गंगा नदी में नौका दुर्घटना में चार लोग लापता। तेरह सुरक्षित निकले। भोजपुर में गंगा घाट पर डूबने से चार बच्चों की मौत।
04. और, मौसम विभाग ने मॉनसून के आगमन में पांच से छह दिन की देरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया। लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।